




**एक नजर में**



## पंचमी पर रामजानकी विवाह महोत्सव संपन्न

**सागर.** भगवान दूल्हा श्री रामचंद्र की बारात निकली. रास्ते में पूजन अर्चना के साथ भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा की गई. बारात मारुति भवन से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई देव नागेश्वर मंदिर पहुंची. कार्यक्रम संयोजक संतोष सोनी मारुति पत्नी श्रीमती लता सोनी ने किया. वर पक्ष से पंडित नरेंद्र नगायिच, वधू पक्ष से पंडित रामकुमार तिवारी ने मंत्रोच्चार द्वारा पूर्ण वैवाहिक कार्यक्रम कराया गया. महोत्सव में पप्पू गुप्ता सीताराम संदीप शर्मा नारायण गुप्ता तिवारी, बबलू सोनी, अभिषेक सोनी, डालचंद सेन शामिल हुए.



## संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**बंडा.** नगर के वार्ड क्रमांक 11 नर्मदेश्वर शिव मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है. वार्ड की श्रीमती उमा गोस्वामी ने बताया कि संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हम सभी वार्ड की महिलाएं करती हैं जिसमें स्कूली छात्राएं भी सम्मिलित होती हैं. कार्यक्रम में उमा गोस्वामी, कुंती मिश्रा, मुन्नीबाई पटेल, रश्मि साहू, हेमलता, योगिता पटेल शामिल थी.



## हेरीटेज वॉक का आयोजन किया गया

**सागर.** विश्व धरोहर सप्ताह पर जिला पुरातत्व संग्रहालय पुरानी लेडी डफरिन हॉस्पिटल में हमारी विरासत पर आधारित हेरीटेज वॉक के आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि जैन पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल रजनीश जैन द्वारा छात्र-छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर हेरीटेज वॉक प्रारंभ की गई. जिसमें छात्र-छात्राओं ने सम्मिलित होकर जिला पुरातत्व संग्रहालय से हेरीटेज वॉक आरंभ की. यह हेरीटेज वॉक नगर के मुख्य मार्गों से भ्रमण करते हुये वापस जिला पुरातत्व संग्रहालय में समाप्त हुई. कार्यक्रम जिला पुरातत्व संग्रहालय के पुरातत्ववेत्ता पी.सी. महोबिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया.



## डीफ लोगो को लेकर पुलिस ने किया जागरूक

**ललितपुर.** यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य रेलवे स्टेशन पर जन जागरूकता अभियान के तहत बधिर वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक नई पहल की गई है. इस पहल के तहत, बधिर चालक/कान के प्रतीक चिन्ह योजना का प्रचार-प्रसार किया गया. इसका उद्देश्य बधिर चालकों की पहचान सुनिश्चित कर सड़क दुर्घटनाओं को कम से कम करना है. बधिर चालकों के वाहनों पर यह विशेष प्रतीक चिन्ह लगाने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है. इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया व नियम विरुद्ध वाहन का संचालन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 141 वाहनों का चालान किया गया.

## मेमू ट्रेन का संचालन पुन: नियमित हुआ

**ललितपुर.** झांसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म तीन पर पुराने वॉशेवल एप्रन को तोड़कर नए एप्रन के निर्माण के चलते झांसी से ललितपुर और बीना के मध्य मेमू ट्रेनों का संचालन निरस्त कर दिया गया था, लेकिन अब यात्रियों की परेशानी को देखते हुए इन मेमू ट्रेनों का संचालन फिर से नियमित कर दिया गया है. 64616 झांसी-ललितपुर मेमू और ललितपुर से झांसी के मध्य चलने वाली 64615 मेमू अब 25 नवंबर से आठ जनवरी तक निरस्त नहीं रहेंगी बल्कि नियमित रूप से चलेंगी. इसी प्रकार ललितपुर से बीना के मध्य 64618 ललितपुर-बीना मेमू ट्रेन और 64617 बीना-ललितपुर मेमू ट्रेन भी पूर्व की तरह संचालित होगी. रेलवे झांसी के पीआरओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों की परेशानी और लगातार ट्रेनों की मांग को देखते हुए रेलवे ने यह निर्णय लिया है.

# तालाबंदी की बजाय समीक्षा बैठक

### बकाया राशि जमा कराने को लेकर दो दिन में मैरिज गार्डन में ताले लगाने के निर्देश दिए थे निगम आयुक्त ने

**नवभारत न्यूज**

**सागर 25 नवम्बर. अनेक व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा संपत्तिकर, जलकर, दुकानों का किराया, कचरा प्रबंधन शुल्क सहित अन्य करों का भुगतान लंबे समय से लंबित है. इस पर निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने निर्देश दिए कि ऐसे सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सूची तैयार की जाए तथा कर अदायगी न करने वालों पर तालाबंदी की कार्रवाई बिना विलंब प्रारंभ की जाए.**

श्री खत्री ने नगर निगम सीमा क्षेत्र में संचालित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की बकायादारों की स्थिति की समीक्षा की. बैठक के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि जिन मैरिज गार्डन द्वारा बकाया करों की राशि जमा नहीं की है उनके विरुद्ध भी तालाबंदी करने की कार्रवाई प्रारंभ की जाए. उन्होंने कहा कि नगर निगम की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए राजस्व वसूली अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. निगमायुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि शहर में अनेक स्थानों पर बिना स्वीकृत व्यवसायिक नक्शे के भवनों में दुकानें एवं अन्य व्यवसायिक गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं. उन्होंने सभी वार्ड इंजीनियरों को ऐसे सभी भवनों की जांच करने, नियमानुसार नोटिस जारी करने तथा आवश्यक होने पर कार्रवाई प्रारंभ करने के निर्देश दिए.



> निगमायुक्त ने कहा कि व्यवसायिक नक्शा स्वीकृत कराना प्रत्येक व्यवसायी की कानूनी जिम्मेदारी है और बिना स्वीकृति के व्यवसाय संचालित करना नियमों का उल्लंघन है. उन्होंने राजस्व वसूली की साप्ताहिक समीक्षा अनिवार्य रूप से करने, सभी वार्डों में बकाया करों की अद्यतन सूची तैयार रखने तथा वसूली कार्य को गति देने के निर्देश भी दिए. करों की समय पर अदायगी से ही शहर में विकास कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जा सकता है, इसलिए राजस्व अमला सक्रियता के साथ कार्य करे और नागरिकों को समय-सीमा में कर जमा कराने के लिए जागरूक भी करे. निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्रवाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी.

# गौर जयंती : मुख्य समारोह विवि में आज, शोभायात्रा निकलेगी

**नवभारत न्यूज**



**सागर 25 नवम्बर. डॉक्टर सर हरीसिंह गौर के 156वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 19 नवंबर से 26 नवंबर तक गौर उत्सव का आयोजन किया जा रहा है.**

26 नवम्बर को प्रात: 8.30 बजे शहर के तीनबत्ती पर कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर द्वारा गौर मूर्ति पर माल्यार्पण एवं उद्बोधन कार्यक्रम होगा. उद्बोधन के पश्चात् प्रात: 8.40 बजे से गौर शोभायात्रा प्रारंभ होगी. बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा गौर अध्ययन केन्द्र एवं गौर जन्म स्थली होकर तीन मढ़िया, बस स्टैंड, गोपालगंज व स्वीडिश मिशन होते हुए मुख्य मार्ग से विश्वविद्यालय परिसर स्थित गौर मूर्ति से गौर समाधि प्रांगण तक पहुंचेगी. शोभायात्रा के विश्वविद्यालय परिसर में आगमन के पश्चात गौर मूर्ति पर माल्यार्पण एवं गौर समाधि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम होगा. विश्वविद्यालय के गौर प्रांगण में मुख्य समारोह 10.30 बजे से आयोजित होगा. संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी जाएगी. अध्यक्षता कुलाधिपति एवं पूर्व आईपीएस कन्हैया लाल बेरवाल करेंगे, सारस्वत उद्बोधन कुलपति प्रो. ठाकुर का होगा. मुख्य अतिथि उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के न्यायमूर्ति सतीश चन्द्र शर्मा होंगे. गौर अतिथि के रूप में सांसद डॉ. लता वानखेड़े, खाद्य मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर, गोपाल भार्गव, विधायक शैलेन्द्र जैन होगें.

# जैन मिलन ने थैले वितरित किए



**नवभारत न्यूज**

**सागर 25 नवम्बर. जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 ने गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर पॉलिथीन का उपयोग कम से कम मानकों के अनुरूप करने के उद्देश्य से थैलों का वितरण किया.**

इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश जैन ने कहा कि पॉलिथीन पर्यावरण को प्रदूषित करती है. इस अवसर पर कमलेंद्र जैन, अरुण चंदेरिया, राजेश जैन, संजय जैन शक्कर, रविंद्र जैन मंत्री, हेमचंद्र जैन, महेश जैन, अजित जैन, पीसी जैन, निशीकांत सिंघई, अमित जैन, प्रसून जैन, राजेश मलैया आदि मौजूद रहे.

# कई स्वरूपों में ठाकुर जी विराजमान हैं सागर में

**नवभारत न्यूज**

**सागर 25 नवम्बर. सागर जिला, जिला नहीं बल्कि एक धाम है. हमारे संतों ने कहा है कि सागर मिनी वृंदावन धाम है, जहां कई स्वरूपों में ठाकुर जी विराजमान हैं. यह बात पंडित इंद्रेश उपाध्याय ने बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित धर्मसभा के समापन पर कही.**

कथा के समापन अवसर पर कथा करते हुए पं. इंद्रेश महाराज ने कहा कि बिहार पंचमी पर हरिदास जी महाराज ने वृंदावन में बांके बिहारी महाराज को प्रगट किया था. इस दिन ही सियाजी रामजी का विवाह हुआ था जिसे यहां विवाह पंचमी भी कहते हैं. राजा कंश ने यमुनाजी का शुद्धिकरण, कालिया नाग सहित कई राक्षसों को मारने, इंद्र के प्रकोप से वृंदावनवासियों को बचाने गिरधर उठाने वाले श्रीकृष्ण को उपहार देने के बहाने मथुरा बुलाया था. इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन, अनुश्री जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, सविता गोविंद सिंह राजपूत, नेवी जैन, अजित जायसवाल, जगन्नाथ गुरैया, मनीष चौबे, विक्रम सोनी, रामेश्वर नामदेव, विनय मिश्रा, मनोज जैन आदि मौजूद थे.



## आगमन को लेकर तैयारी

**सागर.** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल 26 नवंबर को सागर प्रवास पर रहेंगे. सागर प्रवास के दौरान प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल सागर में आयोजित विभिन्न बैठकों को संबोधित करेंगे. जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खण्डेलवाल 26 नवंबर को दोपहर 12 बजे सागर भाजपा कार्यालय में एवं सागर ग्रामीण जिले की बैठक को संबोधित करेंगे. बैठक में सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष शामिल होंगे.

# धामोनी में जनजाति गौरव दिवस मनाया

**नवभारत न्यूज**

**सागर 25 नवम्बर. ग्राम धामोनी राजा सूरतशाह की ऐतिहासिक नगरी से प्रसिद्ध जनजाति गौरव दिवस मनाया गया.**

जनजाति गौरव दिवस पर सेवानिवृत्त सचिव एवं वरिष्ठ प्रशासक डॉ. श्याम सिंह कुमरे ने कहा कि जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराएँ और प्रकृति के प्रति सामूहिक संवेदनशीलता भारतीय सभ्यता की मूल शक्ति है. अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के क्षेत्र संगठन मंत्री सुभाष बडोले ने कहा कि जनजातीय समाज भारतीय संस्कृति का अभिन्न और प्राचीनतम अंग है. अखिल भारतीय वनवासी क्षेत्रीय महिला प्रमुख शशि ठाकुर ने कहा कि जनजातीय समाज का इतिहास साहस, समर्पण और त्याग से भरा हुआ है. कार्यक्रम में श्रीमती कविता लारिया द्वारा वनवासी समाज पर आधारित गीत प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में महेन्द्र गुप्ता, बलराम पाराशर, पंकज मुखारया, हेमंत दुबे, अजय पहारिया, मनीष नेमा, रामकेश तेकाम, मुन्ना लाल उपस्थित रहे. अध्यक्षता वनवासी विकास परिषद प्रांत उपाध्यक्ष संजय सिंह भदौरिया ने की.




## रक्तदान शिविर

**सागर.** रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में युवा भाजपा नेता अविराज सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय रक्तदान शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक डॉ. जीएस चौबे ने महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी की उपस्थिति में सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. शिविर के पहले दिन 113 रक्तवीरों ने रक्तदान कर मानव सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने शिविर स्थल पर पहुंच कर रक्तदाताओं से भेंट की और उन्हें व्यक्तिगत रूप से प्रमाणपत्र भेंट किए.

# पद प्रतिष्ठा कुछ समय की है



**नवभारत न्यूज**

**रहली 25 नवम्बर. श्रीमद् भागवत महापुराण में कथा व्यास आशीर्वाद महाराज ने बताया कलयुग को परीक्षित महाराज के द्वारा दिए गए चार स्थान जुआ, शराब, निंदा ,और परस्त्रीगमन, इन चारों से यदि आप बचे हैं तो घर में कभी कलयुग प्रवेश नहीं कर सकता सतयुग त्रेता द्वापर इन तीनों युगों से ज्यादा महिमा कलयुग की है.**

उन्होने कहा कि इस कलयुग में केवल भगवान नाम के सहारे हम लोग भगवान को प्राप्त कर सकते हैं मनुष्य के अंदर सरलता यदि है तो वह भगवान के बहुत करीब है और जिस व्यक्ति के स्वभाव में अभिमान है वह भगवान से कोसों दूर है तुलसीदास जी ने रामायण में लिखा है. संसार में ऐसा कोई व्यक्ति जन्म लेकर के नहीं आया जिसे पद प्रतिष्ठा मिली हो और उसे अभिमान ना आया हो. पद प्रतिष्ठा कुछ समय की है आज है कल नहीं है. लेकिन स्वभाव व्यक्ति का जीवन पर्यंत रहता है अत: पद आने पर कभी अभिमान नहीं आना चाहिए नहीं तो भगवान अभिमान का भोजन करते हैं. आपको पता नहीं चलेगा कि आप कब बर्बाद हो चुके हैं.लोगों के चित्त से दूर हो चुके हैं, सरलता जीवन में रहेगी तो सबके प्रेमी बने रहेंगे और जिस दिन सरलता त्याग दी अभिमान हृदय में आया उसी दिन धीरे-धीरे हम सब लोगों से बहुत दूर होते जाएंगे.





## त्रिपुरा को हराया

**सागर.** चंदू सरवटे क्रिकेट स्टेडियम में बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी में मध्य प्रदेश ने त्रिपुरा को 1 पारी और 140 रनों से हरा दिया. पहले दिन त्रिपुरा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 65.4 ओवर में 111 रन पर ऑल आउट हो गई मध्य प्रदर्शन की ओर से गिरिराज शर्मा, आयाम सरदाना ने 3- 3 विकेट लिए. मप्र ने पहली पारी में 519 रन पर पारी घोषित ओर 408 रनों की बढ़त बनाई. मप्र की ओर से यशवर्धन चौहान ने दोहरा शतक जड़ा और 223 रन बनाए मनल चौहान ने भी 177 रनों की शानदार पारी खेली. दूसरी पारी में त्रिपुरा 268 रनों पर ऑल आउट हो गई.

# उमंग, तरंग, उत्कर्ष और संघर्ष को धारण जीवन में ऊंचाइयों पर पहुंचा जा सकता है : मुनिश्री

**नवभारत न्यूज**

**राहतगढ़ 25 नवम्बर. गुणायतन प्रणेता, मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज के मंगल सानिध्य में मजजिनेन्द्र पंचकल्याणक महा महोत्सव होने जा रहा है.**

मनोज जैन लालो ने बताया कि राहतगढ़ में 27 नवंबर से 02 दिसम्बर तक होने जा रहे श्री पंचकल्याणक महा महोत्सव में कल प्रात: काल ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा. मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए जीवन को महान बनाते हुए ऊंचाइयों पर कैसे पहुंचाएं, इसके बारे में मुनिश्री ने सभी को सूत्र देते हुए कहा कि उमंग, तरंग, उत्कर्ष और संघर्ष को धारण करके ही जीवन को नई ऊंचाइयां प्रदान की जा सकती हैं, हर काम उमंग के साथ, जोश के साथ करना चाहिए, किसी भी कार्य में उमंग की कमी नहीं होना चाहिए.

मुनि श्री के पास एक व्यक्ति ने आकर पूछा कि आप कभी बोर नहीं होते तो उन्होंने इसका बहुत सुंदर उत्तर देते हुए कहा की जो खुद में डूबा रहता है वह कभी ऊबता नहीं, अंदर का श्रद्धान मजबूत बनाइए, अपने अंदर की उमंग को कभी मंद नहीं पड़ने दे.

मुनिश्री ने कहा कि जिस प्रकार समय आने पर वृक्ष हमें फल प्रदान करते हैं ठीक वैसे ही जब मोक्ष प्राप्त होने का समय आएगा तो वह इसी मुनि अवस्था से ही प्राप्त होगा. मुनि श्री ने कहा कि नदी में जैसे आगे बढ़ने की उमंग होती है, नदी के रास्ते में चट्टान भी आती है.



# दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सागर 25 नवम्बर. आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, तिलकगंज द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय विद्वत्संगोष्ठी सम्पन्न हुई.**

कार्यक्रम प्राकृत भाषा विकास फाउंडेशन तथा शिक्षाशास्त्र विभाग, डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित हुआ. संगोष्ठी में चर्या शिरोमणि पट्टाचार्य विशुद्धसागर महाराज ससंघ का सान्निध्य तथा आर्यिका विजिज्ञासाश्री माताजी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. इस राष्ट्रीय आयोजन का मुख्य केंद्र आचार्य अमितगति कृत भावना द्वात्रिंशतिका तथा आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज द्वारा उपदिष्ट सामायिक देशना के विविध आध्यात्मिक आयाम रहे. चारों सत्रों में सामायिक, समत्व, आत्म अनुभूति, सम्यक्त्व, आत्मभिन्नत्व, प्रमोद मैत्री-माध्यस्थ भाव, प्रतिक्रमण, समाधि तथा मोक्षमार्ग जैसे विषयों पर गहन विमर्श हुआ. डॉ. श्रेयांस कुमार जैन, प्रो. डॉ. श्रीयांस जैन, प्रो. ऋषभचंद जैन, डॉ. धर्मेन्द्र जैन, डॉ. राजेश जैन, डॉ. आशीष जैन आचार्य शाहगढ़ सहित अनेक विद्वानों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए. विभिन्न सत्रों में विचार-मंथन का वातावरण बना रहा.







